# राष्ट्रीय सेवा भारती

सेवा सागर

www.rashtriyasewabharati.org | वर्ष 2023, शुक्ल पक्ष (आषाढ़ ) विक्रम संवत - 2080, जून | ई बुलेटिन : मासिक पत्रिका


## अखिल भारतीय मातृछाया कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग- इंदौर

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा देशभर में संचालित प्रकल्प मातृछाया शिशुग्रह के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 10 जून 2023 को इन्दौर के श्री अग्रसेन महासभा भवन बायपास रोड इंदौर में आयोजित किया गया। मातृछाया शिशु गृह के माध्यम से 0-6 वर्ष के नवजात, निराक्षित, परित्यक्त, अनाथ, शिशुओं का पालन पोषण कर उन्हें निःसंतान दम्पतियों को कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से गोद दिया जाता है। इस कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में पूरे देश की मातृछाया शिशुग्रहों से 14 प्रांत के- 80 कार्यकर्ता सम्मिलित हुए हैं। इस कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता श्री विजय जी पुराणिक (संयुक्त महामंत्री राष्ट्रीय सेवा भारती) द्वारा बताया गया कि भारतीय संस्कृति की संकल्पना से विकसित हुआ नाम मातृछाया है।



### मातृछाया कार्यकर्ता वर्ग, इंदौर - वृत्त -

| | | |
|---|---|---|
| - मातृछाया है ऐसे प्रांत | - | 13 |
| - उपस्थित रहे प्रांत | - | 12 |
| - कुल मातृछाया | - | 28 |
| - उपस्थित मातृछाया | - | 26 |
| - मातृछाया नहीं हैं और उपस्थित रहे ऐसे स्थान | - | 03 |

**उपस्थित कार्यकर्ता संख्या**

| महिला | पुरुष |
|---|---|
| 20 | 46 |








# साइक्लोन बिपोरजय में सेवा कार्य






बिपरजोय तूफान से राजसमंद के कुम्भलगढ़ क्षेत्र में भारी बारिश के चलते क्षेत्र की बड़ी नदी गोमती नदी उफान पर आई जिससे राजसमंद झील के पास तासोल ग्राम पंचायत के छापरखेड़ी ग्राम में घरों में पानी चला गया। बाढ़ जैसी गंभीर स्थिति बन गई। रात्रि में घरों में 4 से 5 फिट पानी भर गया लोगो को छतो पर रात गुजारनी पड़ी प्रशासन ने सहयोग की अपेक्षा की तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको द्वारा मौके पर पहुंच कर सहयोग किया गया एवं घरों में फसे परिवारों तक सुबह अल्पाहार में बिस्किट तत्पश्चात बाद में स्वयंसेवकों ने स्वयं हाथों-हाथ लगकर के भोजन के पैकेट तैयार किए और भोजन पहुंचाया गया

साइक्लोन बिपोरजय के कारण हुए आपदा के सामने, सौराष्ट्र, गुजरात में सेवा भारती के समर्पित स्वयंसेवकों ने सहायता करने के लिए संघर्षशील रूप से संघर्ष किया है। ये निःस्वार्थी व्यक्तियों की सक्रिय भूमिका है, जो प्रभावित समुदायों को सहायता और राहत प्रदान करने में सक्रिय रहे। एक ऐसा समूह, जो जामनगर में श्री लक्ष्मणराव इनामदार स्मृति समिति के सदस्य हैं, अथक परिश्रम से राहत ऑपरेशन में लगे रहे और सुनिश्चित किया कि प्रभावित व्यक्तियों को आवश्यक समाग्री व उपचार मिले। साथ ही, राजकोट में सेवा भारती-गुजरात के उत्साही स्वयंसेवक ने अपने प्रयासों को संगठित किया, न केवल सुखडी (एक स्वादिष्ट पारंपरिक मिठाई) तैयार करने और वितरित करने के लिए, बल्कि आपदा से प्रभावित लोगों के लिए आवश्यक सामग्री भी इकट्ठा की।

## श्री जगन्नाथ पुरी रथयात्रा

पुरी रथयात्रा में राष्ट्रीय स्बयंसेबक संघ द्वारा 8 प्रकार की सेवा कार्य किया गया। भीड़ में एंबुलेंस के लिए 500 मीटर का मानवीय रोड बनाया गया ताकि घायलों और बेहोश होने की स्थिति में लोगों को अस्पताल तक एंबुलेंस में पहुंचाया जा सके और भीड़ में मरीजों को रथ से एंबुलेंस तक आसानी से पहुंचाया जा सके। इसके अलावा अस्पताल में प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस सेवा, स्ट्रेचर सेवा, भोजन वितरण,पेयजल वितरण, भाम्यमाण (मोबाइल वाटर ड्रिंकिंग सिस्टम) पेयजल उपलब्ध कराना, खोए हुए व्यक्ति की तलाश, रोगी सहायता इत्यादि उपलब्ध की गयी। 2005 से स्वयंसेवक प्रशासन के साथ मिलकर ऐसे कई कार्य कर रहे हैं। इन 8 प्रकार की सेवाओं में से प्राथमिक उपचार, बड़दाण्ड (जिस रास्ते से रथ चलता है) स्वच्छता 9 दिनों तक चलती रही। भुवनेश्वर, कटक और ब्रह्मपुर सें स्वयंसेवक डॉक्टर उपस्थित रह कर प्राथमिक उपचार किया। इस प्राथमिक इलाज से उन डॉक्टरों का हौसला बढ़ा और उन्होंने 9 दिनों तक सेवा देने का वादा किया। 19 जून की शाम को स्थानीय सरस्वती बाल विद्यामंदिर, घोड़ा बाजार में संघ के पदाधिकारियों ने सभी स्वयंसेवकों को 8 भागों में दायित्वों के बारे में समझाया। संघ,सेवा भारती और विविध संगठनों के कुल 2500 कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में अपने अपने दायित्व का कुशलता से निर्वाह किया। 1 प्रान्त सेवा प्रमुख शांतनु माझी, जिला कार्यवाह बामदेब नायक आदि अनेक कार्यकर्ताओं की देख रेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ I राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,ओडिशा पूर्ब प्रान्त के प्रान्त प्रचार प्रमुख रवि नारायण पंडा ने बताया कि रथ यात्रा के समय स्वयंसेवक उत्साह के साथ समस्त प्रकार की सेवा में तत्पर रहते हैं।




## विश्व योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजन

विश्व योग दिवस के पावन दिन, सेवा भारती के उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री परम आदरणीय श्री जयदेव जी के द्वारा योग के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया गया। श्रीनगर बेमिना सेवा भारती कार्यालय, सेवा भारती कार्यालय जम्मू, सेवा भारती के अलग-अलग जगहों पर टोटल 20 जगहों पर योग का कार्यक्रम किया गया जिसमें लगभग 500 से ज्यादा लोगों ने इसका लाभ लिया। सेवा भारती रजौरी की तरफ से गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में योग कराया गया और दक्ष हॉस्टल के बच्चों की तरह से अलग-अलग गांव में जाकर योग के कार्यक्रम किए गए। इसके अलावा भाल्लेस हॉस्टल में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



## योग दिवस पर "योग जत्रा" कार्यक्रम आयोजन

स्वस्थ शरीर एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता - रविवार दिनाँक 18 जून को श्री गुरुजी सेवा न्यास माधव सृष्टि द्वारा एक दिवसीय "योग जत्रा" का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान के कर कमलों से हुआ। श्री गुरुजी सेवा न्यास का यह प्रयास निश्चित रूप से स्वच्छ इंदौर के साथ स्वस्थ इंदौर की परिकल्पना को सार्थक करेगा। जत्रा में योग साधकों द्वारा 21 मनमोहक योग प्रस्तुतियाँ दी गईं। श्री गुरुजी सेवा न्यास का यह प्रयास निश्चित रूप से स्वच्छ इंदौर के साथ स्वस्थ इंदौर की परिकल्पना को सार्थक करने में सहायक होगा।



## स्वावलम्बन प्रशिक्षण वर्ग

**झारखण्ड प्रान्त:** 10 जून 2023, सेवा भारती वैभवश्री, झारखंड का दो दिवसीय कौशल विकास सह स्वावलंबन प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा भारती की सचिव व वैभवश्री की संयोजिका श्रीमती चंद्रिका चौहान व राष्ट्रीय सेवा भारती के माननीय गुरुशरण प्रसाद ने भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन कर रांची के जोन्हा स्थित सेवा धाम परिसर में शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्रीमती चंद्रिका चौहान ने कहा कि वैभवश्री आयाम के माध्यम से पुराने वैभव को पुनः स्थापित करना है। वैभवश्री के केंद्रीय केन्द्रीय सह संयोजक ऋषभ सहाय ने वैभवश्री और अन्य स्वयं सहायता समूह में अंतर बताते हुए कहा कि वैभवश्री केवल आर्थिक केन्द्रित नहीं है, सामाजिक केन्द्रित है। वैभवश्री की पद्धति महिलाओं को सिर्फ लेने के लिए नहीं बल्कि देने का भाव जागृत करती है। प्रशिक्षण वर्ग में सहकार भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री लक्ष्मण पात्रा ने घरेलू लघु व्यवसाय का विधिवत रूप से प्रशिक्षण दिया जिसमें फिनाइल निर्माण,हैंड वॉश,बर्तन सफाई सामग्री,नील निर्माण,ईजी,सर्फ निर्माण आदि बड़े ही सहज और सरल तरीके बताएं। इस वर्ग के दौरान वैभवश्री के माध्यम से सामाजिक बदलाव पर ग्रुप सह चर्चाएं की गई। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में राज्य के 9 जिलों एवं 11 प्रखंडों से 55 महिलाऐं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।






## पाठदान संचालक कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग

**गुजरात प्रान्त:** क्षमता और सेवा का संगम: पाठदान संचालक कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग - पाठदान संचालक कार्यकर्ता प्रशिक्षण दिनांक 11/6/2023 केशवमाधव स्मृति समिति के तत्वावधान में गुजरात प्रांत के महेसाणा विभाग में चल रहे 36 पाठदान केन्द्रों के कार्यकर्तां का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग पाटण श्री सरस्वति शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं का गुण और क्षमता विकास पर केन्द्रीकरण हुआ। विषयों के तज्ञों के द्वारा अपनी सेवा बस्तीओं में शिक्षा के साथ साथ दूसरें आयामों के सेवाकार्य प्रारंभ की संभावनाओं को लेकर तलस्पर्शी मार्गदर्शन मिला। 70 जितने प्रशिक्षार्थीओं ने इस वर्ग लाभ ग्रहण किया।





## किशोरी विकास एवं वैभवश्री प्रशिक्षण वर्ग

**ब्रज प्रान्त :** बरेली - सेवा भारती मात्र मंडल ब्रज प्रांत के तत्वाधान में किशोरी विकास एवं वैभव श्री योजना के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 15 जून को सरस्वती शिशु मंदिर, नैनीताल मार्ग पर हुआ। ब्रज प्रांत की सेवा बस्तियों की बहिनों ने एक सप्ताह के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## बालिकाओं की चयन परीक्षा आयोजन

**मालवा प्रान्त:** सँकरा नेत्र चिकित्सालय, कोयम्बटूर द्वारा ऑफथेलमिक अस्सिस्टेंट कोर्स की ट्रेनिंग के लिए बालिकाओं की चयन परीक्षा दिनाँक 10 जून को सम्पन्न हुई। सेवा भारती मालवा प्रान्त के लगभग सभी जिलों में कार्यकर्ताओं ने स्वयं परिवारों से संपर्क किया। तत्पश्चात 12वीं उत्तीर्ण बलिकाओं की कॉउंसलिंग करके एक ऑनलाइन परीक्षा दिनाँक 30 मई को ली गई। इसमें चयनित लगभग 22 बलिकाओं में से आज 19 बलिकाओं ने परीक्षा में भाग लिया एवं 10 बलिकाओं का चयन DOA ( डिप्लोमा इन ऑफ़थेलमिक अस्सिस्टेंट) कोर्स के लिए हुआ है। ये सभी बालिकाएं मालवा प्रान्त के झाबुआ, पेटलावद, मनावर, देवास , धार व इंदौर जिले से हैं। सँकरा नेत्र चिकित्सालय, विजयनगर इंदौर में सम्पन्न हुई लिखित व मौखिक परीक्षा कोयम्बटूर से पधारीं VCT इंचार्ज जोइस एवं सेवा भारती इंदौर से कामना खण्डेलवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। चयनित बालिकाएं दिनांक 3 जुलाई 2023 से सँकरा अस्पताल,कोयम्बटूर जॉइन करेंगी। विगत 6 वर्षों से सँकरा ऑय फाउंडेशन द्वारा DOA कोर्स निःशुल्क कराया जा रहा है। सेवा भारती इंदौर के तत्वावधान में अब तक 50 बालिकाएं इससे लाभान्वित हुई हैं। इनमें से 22 बालिकाएं 3 वर्ष का पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अब विज़न केअर टेक्नीशियन के रूप में सँकरा नेत्र चिकित्सालय इंदौर में कार्यरत हैं।





## "ज्योतिर गमया" - करियर मार्गदर्शन और सम्मान

**केरल प्रान्त:** "ज्योतिर गमया" - करियर मार्गदर्शन और सम्मान सभा सेवा भारती चेन्नितला के नेतृत्व में "ज्योतिर गमया" के नाम से एक करियर मार्गदर्शन और सम्मान सभा आयोजित की गई। राष्ट्रीय सेवा भारती अलप्पुझा जिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस सतीश कुमार ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। सेवा भारती चेन्नितला के अध्यक्ष के. रघुनाथ ने सभा की प्रेसिडेंसी संभाली। प्रसिद्ध करियर गुरु वकील एस जयसूर्यन ने बच्चों के लिए कक्षाएं आयोजित की। विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा साबित करने वाले और स्कूल और कॉलेज स्तर पर उच्च अंक प्राप्त करने वालों के लिए पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह आयोजित किए गए।





## "डॉक्टर ऑन व्हील्स" - डिजिटल हेल्थकेयर

**जम्मू प्रान्तः** सेवा भारती ने सहारा एनजीओ के साथ समन्वय में मांडली (बिलावर) में **"डॉक्टर ऑन व्हील्स"** लॉन्च किया। सीएमओ कठुआ ने गांव मांडली (बिलावर) में एक स्वास्थ्य सेवा सशक्तिकरण समारोह में भाग लिया, जहां माननीय राज्य मंत्री डॉ. जतिंदर सिंह ने एक नई पहल शुरू की। "डॉक्टर ऑन व्हील्स" मोबाइल एम्बुलेंस क्लिनिक के साथ जिसमें दवा, डायग्नोस्टिक्स और टेलीकंसल्टेशन सुविधाएं हैं। यह डिजिटल हेल्थकेयर पहल स्वस्थ भविष्य सभी के लिए स्वास्थ्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह 15-20 मिनट में परीक्षण रिपोर्ट प्रदान करता है और आवश्यक मामलों में पूरे भारत में विशेषज्ञ डॉक्टरों से भी परामर्श लिया जाता है जिससे बिलावर क्षेत्र के निवासियों का समय, पैसा और यात्रा लागत बचेगी।



## विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजन

**उत्तर असम प्रान्तः** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर असम के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय चिकित्सा संगठन और सेवा भारती पूर्वांचल ने संयुक्त रूप से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 196 यूनिट रक्त एकत्र किए गए। यह शुभ अवसर रक्तदान के महत्व को जागृत करता है और स्वस्थ रक्तसंचय के लिए लोगों को प्रोत्साहित करता है।







## एम्बुलेंस सेवा

**जम्मू प्रान्तः** वैष्णो देवी की यात्रा के दौरान, एक यात्री का देहांत कटरा में हो गया। इस दुःखद स्थिति में, सेवा भारती कटरा ने एम्बुलेंस सेवा प्रदान की, जिससे यात्री के शव को सुरक्षित तरीके से ले जाया गया।




## सेवा समाचार -सेवा भारती गया (बिहार)




गया भास्कर 22-05-2023

दैनिक भास्कर

### सेवा बस्तियों के किशोरियों और मातृ शक्ति ने देखी 'द केरला स्टोरी' फिल्म

गया| सेवा भारती संस्था के बैनर तले रविवार को स्लम बस्तियों के किशोरियों व मातृ शक्ति ने एपीआर थियेटर हॉल में 'द केरला स्टोरी' फिल्म सामूहिक रूप से दिखायी गई। फिल्म को देखने के लिए स्लम बस्तियों की लड़कियों में काफी उत्साह दिखा। सभी ने फिल्म का पहला शो (सुबह 09:30 बजे) देखा। समिति के मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश पवन ने बताया कि धर्मांतरण एवं आतंकी गतिविधियों पर द केरला स्टोरी फिल्म बनी है। सेवा भारती संस्था द्वारा स्लम बस्तियों के किशोरियों व मातृ शक्ति को जागरूक करने के लिए सामूहिक रूप से फिल्म को दिखाई गई। करीब दो सौ किशोरियों, मातृ शक्ति व सेवा भारती से जुड़े लोगों ने फिल्म को देखा। फिल्म को देखने के बाद थियेटर से निकली महिलाओं ने बताया कि इस फिल्म में साफ तौर पर दर्शाया गया हैं कि हिन्दू समाज की लड़कियों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाते हुए उन्हें प्रेम जाल में फंसाकर फिर उनका दैहिक और मानसिक शोषण किया जाता हैं। अंत में उन्हें आतंकवाद की दुनिया में धकेल दिया जाता है। इधर समिति के मीडिया प्रभारी ने बताया कि ऐसी फिल्में बनने से हिन्दू बहनों में जागृति आएगी और वे ऐसे षड्यंत्र का शिकार होने से बचेगी। सेवा भारती की सचिव विक्की बरनवाल ने कहा कि इस प्रकार की फिल्में समाज में जनजागरण का काम करती है। सेवा भारती के अन्य पदाधिकारियों ने युवाओं से द केरला स्टोरी फिल्म अपने पूरे परिवार के साथ देखने की अपील की। मौके पर संस्था से अनिल कुमार, राहुल दत्ता, विक्की कुमार, संजय कुमार, रूपेश कुमार वर्मा, रंजन गुप्ता, मनोज कुमार, विजय प्रसाद, सारिका गुप्ता, ममता बरनवाल आदि मौजूद थे।

## समाज स्नेह का एक अनुपम उदाहरण



**मालवा प्रान्त:** खरगोन की डाबरिया बस्ती , टंट्या मामा बस्ती एवं सुखपुरी बस्ती में चल रहे सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्रों में समाज ने अपनी स्नेह का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। गर्मी का मौसम शुरू होते ही सभी को फलों के राजा आम की प्रतीक्षा रहती है विशेषतया बच्चों को। किन्तु क्या यह स्वादिष्ट फल संस्कार केंद्र में आने वाले बच्चों तक पहुँच पाते हैं? यह विचार मन में आते ही सेवा भारती समिति के सदस्यों ने योजनाबद्ध तरीके से परिवारों को संस्कार केन्द्रों से जोड़ने का एक सफल प्रयोग किया और इस प्रयोग की महत्वपूर्ण कड़ी थी आम। कार्यकर्ताओं ने समाजजन से सम्पर्क किया और इस विषय की संवेदनशीलता को समझाया। फलस्वरूप अब ये लोग अपने परिवारों सहित केंद्र पर सभी के लिए आम लेकर जाते हैं। फिर शुरू होता है आम उत्सव, जिसमें उस परिवार के सदस्य बाल संस्कार केंद्र के बच्चों के साथ मिलकर आमों का स्वाद लेते हैं। इस प्रकार इन बच्चों को आम खाने को तो मिल ही रहे हैं, इस प्रयोग से कई परिवार किसी न किसी रूप में उस प्रकल्प से भी जुड़ रहे हैं।

## संस्कार केंद्र का शुभारम्भ

**ब्रज प्रांत:** आगरा - राष्ट्रीय संघ द्वारा सैया छेत्र के कटी चौकी पुल के पास रह रहे घुमंतु परिवार के बच्चों के लिए संस्कार केंद्र प्रारंभ किया गया जिसका शुभारंभ संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य और घुमंतू कार्य प्रमुख दुर्गा दास जी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। संस्कार केंद्र द्वारा घुमंतु परिवार के बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान किये जायेंगे जिससे वह आगे पढ़ लिख कर अपने समाज का उत्थान कर सके।

## दिव्यंगो के लिए अन्नधानम की व्यवस्था

**उत्तर तमिलनाडु प्रान्त:** सेवाभारती तमिलनाडु तांबरम केंद्र ने श्री ए.एस. कैलाशम की स्मृति में उनकी पत्नी सरस्वती कैलाशम द्वारा मानसिक रूप से विकलांग और शारीरिक रूप से विकलांग और वरिष्ठ व्यक्तियों के लिए अनबगम में अन्नधानम की व्यवस्था की।






## "थिरुविलक्कू पूजा" कार्यक्रम का आयोजन

**तमिलनाडु प्रान्त:** सेवाभारती तमिलनाडु थिरुवन्मियुर नगर ने भारती सेवामई के शैक्षिक केंद्र के छात्रों और उनकी माताओं के लिए **"थिरुविलक्कू पूजा"** नामक एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में उत्साही प्रतिभागियों ने भारतीय सेवाभारती तमिलनाडु के तम्बरम जिले के उदार लोगों के प्रति अपने गहन आभार और गहरी खुशी व्यक्त की और उपस्थित लोगों ने श्री कृष्ण के आदिपुरुष के आशीर्वाद की प्रार्थना की जिससे उनके उच्च कार्यों और सेवा को आशीर्वाद मिले।

## मेहँदी एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण वर्ग




**मालवा प्रान्त:** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सेवा भारती द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण वर्ग निरंतर आयोजित किये जाते हैं। प्रशिक्षण के इसी क्रम में वनवासी सशक्तिकरण केंद्र बड़ा घोसलिया, मेघनगर में मेहंदी व ब्यूटी पार्लर के दो प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए गए। पहला प्रशिक्षण वर्ग (आंशिक रूप से आवासीय) 13 मई 2023 से 23 मई 2023 एवं दूसरा प्रशिक्षण वर्ग (पूर्ण आवासीय) 2 जून 2023 से 11 जून 2023 तक आयोजित किया गया। प्रथम प्रशिक्षण वर्ग में कुल 60 शिक्षार्थियों ने भाग लिया एवं द्वितीय वर्ग में 40 शिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग में HP सुयश गैस सर्विस मेघनगर द्वारा घरेलू गैस चूल्हा एवं एलपीजी गैस का उपयोग करने तथा एलपीजी गैस से सावधानी के बारे में विस्तार से एवं प्रायोगिक रूप से जानकारी दी गई। सेवा भारती जिला समिति झाबुआ की भारती सोनी दीदी द्वारा वर्ग में प्रशिक्षण ले रही बहनों को पुरानी साड़ियों से पायदान व बैग्स एवं रद्दी कागज़ से लिफ़ाफ़े व पेपर क्राफ़्टिंग का कार्य सिखाया गया।

## "एलईडी बल्ब संरचना" प्रशिक्षण आयोजन

**उत्तर असम प्रान्त:** सेवा भारती पूर्वांचल, अपने कौशल और आजीविका विकास परियोजना के तहत, गोस्साइगांव में "एलईडी बल्ब संरचना" पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम उद्यमियों को मूल्यवान कौशल प्रदान करके उनकी रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने और दुर्गम आजीविकाओं को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखता था। व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करके और हाथों की सीख को बढ़ावा देकर, यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को योग्यता प्रदान करने का उद्देश्य रखता था ताकि वे एलईडी बल्बों को सफलतापूर्वक संरचित कर सकें। यह पहल न केवल व्यक्तिगत क्षमताओं को सुधारने का उद्देश्य रखती है, बल्कि कौशल विकास और आर्थिक विकास को बढ़ाने के माध्यम से समुदाय के समग्र विकास में योगदान भी करती है।




## कार्यवृत्त

नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय -झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर के 903 जिलों में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 43045 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं।

| शिक्षा | स्वास्थ्य | सामाजिक | स्वावलम्बन |
|---|---|---|---|
| 16184 | 10513 | 9543 | 6805 |

**कार्यालय पता**

**राष्ट्रीय सेवा भारती**

BD-37, गली न.14, फैज़ रोड,
करोल बाग, नई दिल्ली -110005
वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : rashtriyasewa@gmail.com
फोन न. : 011-46523618,
मोबाइल न. 09868245005

**BANK DETAILS FOR DONATION**

| | |
|---|---|
| Account Name: | Rashtriya Sewa Bharati |
| Account No. | 10080533451 |
| Bank Name: | State Bank of India |
| Branch Address: | Jhandewalan Extn. |
| IFSC: | SBIN0009371 |

राष्ट्रीय सेवा भारती को दिया गया दान, आर्थिक सहयोग आयकर की धारा 80G के अंतर्गत आयकर मुक्त है